D ••••
वर्ष 24 | अंक 141 | पृष्ठ : 16
मूल्य : पांच रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

देहरादून
बुधवार, 15 जुलाई 2020

कारोबार उद्योगों को सस्ती जमीन देने के लिए बना रहे लैंड बैंक : गोयल उत्तराखंड

प्रवासियों को स्वरोजगार की दी जानकारी

उत्तरकाशी। पटारा गांव में मंगलवार को स्वरोजगार संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। रिलायंस फाउंडेशन व हिम पटारा ग्राम संगठन की ओर से आयोजित कार्यशाला में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने ग्रामीणों खासकर प्रवासियों को स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी दी।

कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. गौरव पपनै ने ग्रामीणों को केंद्र द्वारा चलाई जा रही कृषि बागवानी संबंधित योजनाओं के बारे में बताया, जबकि जिला उद्योग केंद्र के सुंदर लाल ने उद्योग विभाग की योजनाओं व उनके आवेदन चयन आदि औपचारिकताओं की जानकारी दी। एसबीआई आरएसईटी के जगत सिंह राणा ने केंद्र में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों व बैंक से ऋण लेने आदि सुविधाओं के बारे में बताया। इस मौके पर ग्राम प्रधान पूजा राणा, रिलायंस फाउंडेशन के परियोजना प्रबंधक कमलेश गुरुरानी, कमल नौटियाल, इंद्र थापा, वरुण सुप्याल, भूपेंद्र रावत, सरतमा देवी आदि मौजूद रहे। ब्यूरो